Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَأُدْخِلَ الَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ جَنَّاتٍ تَجْرِي مِن تَحْتِهَا الْأَنْهَارُ خَالِدِينَ فِيهَا بِإِذْنِ رَبِّهِمْ تَحِيَّتُهُمْ فِيهَا سَلَامٌ ○

(सूरः इब्राहीम : 24)

तर्जुमा: और जो लोग ईमान लाए और अच्छे कर्म किए उन्हें ऐसे बाग़ों में दाख़िल किया जाएगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी। वे अपने रब के आदेश से उनमें सदैव रहेंगे। उनका इनाम उन जन्नतों में सलाम होगा।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْد

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 9
अंक - 36

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

01 रबी उल् अव्वल , 1446 हिज्री कमरी, 05 तबूक 1403 हिज्री शम्सी, 05 सितम्बर 2024 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

अल्लाह तआला की प्रशंसा का महत्त्व

हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हर काबिल-ए-क़दर और संजीदा काम अगर ख़ुदा तआला की के नाम प्रशंसा के बग़ैर शुरू किया जाए तो वह बेबरकत और नाक़िस रहता है।

(इब्ने माजा अब्वाबुल निकाह बाब खुत्अबा निकाह)

मुस्लमान की विशेषता

हज़रत अब्बू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो रिवायत करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

ने फ़रमाया कि किसी शख़्स के इस्लाम की ख़ूबी यह है कि वह इस बात को तर्क कर दे जिससे उसका कोई ताल्लुक़ नहीं

(तिरमेज़ी, किताब अल् जुहद, बाब 11 हदीस 2317)

वास्तविक मोमिन

हज़रत अब्बू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया : मुत्तक़ी बनू, सबसे बड़े आबिद बन जाओगे। क़नाअत इख़्तेयार करो सबसे ज़्यादा शुक्रगुज़ार बन जाओगे। लोगों के लिए वही चाहो जो अपने लिए चाहते हो हक़ीक़ी मोमिन बन जाओगे। अपने पड़ोसियों से अच्छा सुलूक करो हक़ीक़ी मुस्लमान बन जाओगे। कम हँसो क्योंकि ज़्यादा हँसना दिल को मुर्दा बना देता है

(सुंन इब्ने माजा किताब अल् जुहद बाब रुकु और तकवा)

★ ★ ★

क़ुरआन शरीफ़ में وَاَمَّا السَّآئِلَ فَلَا تَنْهَرْ का इरशाद आया है कि मांगने वाले को मत झिड़क अतः याद रखो कि मांगने वाले को न झिड़को, क्योंकि इस से एक प्रकार की बद-अख़्लाक़ी (अनैतिकता) का बीज बोया जाता है, अख़लाक़ यही होते हैं कि मांगने वाले पर जल्दी नाराज़ न हो

हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

मांगने वाले को झिड़कना नहीं चाहिए

कुछ आदमियों की आदत होती है कि मागने वालों को देखकर चिड़ जाते हैं। और अगर कुछ मौलवियत की रग हो तो उस को बजाय कुछ देने के प्रश्न के मसायल समझाने शुरू कर देते हैं और इस पर अपनी मौलवियत का रोब बिठा कर बाज़-औक़ात सख़्त सुस्त भी कह बैठते हैं। अफ़सोस उन लोगों को अक़्ल नहीं और सोचने का माद्दा नहीं रखते, जो एक नेक दिल और सलीमुल फ़ितरत इन्सान को मिलता है। इतना नहीं सोचते कि सायल अगर बावजूद सेहत के मांगा करता है तो वह ख़ुद गुनाह करता है। उसको कुछ देने में तो गुनाह लाज़िम नहीं आता, बल्कि हदीस शरीफ़ में لَوْ اَتَاكَ رَاكِبًا के शब्द आए हैं। अर्थात चाहे मांगने वाला सवार हो कर भी आए तो भी कुछ दे देना चाहिए और क़ुरआन शरीफ़ में وَاَمَّا السَّآئِلَ فَلَا تَنْهَرْ (अल् ज़ोहा : 11) का इरशाद आया है कि सायल को मत झिड़क। इस में यह कोई सराहत नहीं की गई कि अमुक किस्म के सायल को मत झिड़क और अमुक किस्म के सायल को झिड़क। अतः याद रखो कि सायल को न झड़को, क्योंकि इस से एक किस्म की बदअख़्लाकी का बीज बोया जाता है। अख़लाक़ यही चाहता है कि सायल पर जल्दी नाराज़ न हो। यह शैतान की ख़ाहिश है कि वह इस तरीक़ से तुमको नेकी से वंचित रखे और बदी का वारिस बनादे।

एक नेकी से दूसरे नेकी पैदा होती है।

ग़ौर करो कि एक नेकी करने से दूसरी नेकी पैदा होती है और इसी तरह पर एक बदी दूसरी बदी का कारण हो जाती है। जैसे एक चीज़ दूसरी को आकर्षित करती है इसी तरह ख़ुदा तआला ने ये आपस की कशिश का मसला हर चीज़ में रखा हुआ है। अतः जब सायल से नरमी के साथ पेश आएगा और इस तरह पर अख़लाक़ी सदक़ा दे देगा तो क़बज़ दूर हो कर दूसरी नेकी भी करलेगा और इस को कुछ दे भी देगा।

(मल् फ़ूज़ात, भाग प्रथम, पृष्ठ 480 प्रकाशन 2018 कादियान)

★ ★ ★

शिर्क इन्सान का देखने और सोचने का अंदाज़ बहुत ही सीमित कर देता है और उसकी हिम्मत को गिरा देता है और उसके उद्देश्य को छोटा कर देता है

कोई व्यक्ति किसी क़ब्र पर दिया जला कर रख आए तो चाहे वह साहिब-ए-क़ब्र से दुआ करे या न करे या साहब-क़ब्र को ख़ुदा समझे या न समझे यह कार्य भी शिर्क के अंदर आ जाएगा क्योंकि यह अमल पहले ज़माना के मुशरिकाना आमाल का भाग है

सय्यदना हज़रत मुसल्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरः अल् हज आयत नम्बर 32

وَمَنْ يُّشْرِكْ بِاللّٰهِ فَكَاَنَّمَا خَرَّ مِنَ السَّمَآءِ فَتَخْطَفُهُ الطَّيْرُ اَوْ تَهْوِيْ بِهِ الرِّيْحُ فِيْ مَكَانٍ سَحِيْقٍ

की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

आठवां : शिर्क की आठवीं क़सम यह है कि किसी ऐसी चीज़ के मुताल्लिक़ जिसे ख़ुदा तआला के कानून-ए-क़ुदरत ने किसी काम के करने की कोई ताक़त नहीं दी, उसके विषय में यह ख़्याल कर लिया जाए कि वह अमुक काम कर लेगी। उदाहरणतः ख़ुदा तआला ने क़ुरआन-ए-करीम में अपने आपको اَلسَّمِيْع क़रार

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जहां जलसा अपनों के लिए तर्बीयत और रूहानियत में तरक़्क़ी का माध्यम बना है वहां ग़ैरों को भी इस्लाम की शिक्षा के समझने और उन्हें ख़ुदा तआला के क़रीब लाने का माध्यम बना है। अतः इसके लिए जहां हमें अल्लाह तआला के आगे मज़ीद झुकना चाहिए, उसका शुक्रगुज़ार होना चाहिए वहां इस अहद पर भी क़ायम रहना चाहिए कि हम हमेशा अल्लाह तआला के पैग़ाम को, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के पैग़ाम को पहुंचाने के लिए पहले से बढ़कर कोशिश करते रहेंगे

मैं कारकुनान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ जिन्हों ने जलसा से पहले भी, जलसा के दौरान भी और जलसा के बाद भी इन इंतेज़ामात के करने और समेटने में अपना किरदार अदा किया और अभी भी कर रहे हैं। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जमाअत के लोगों, महिलाएं, पुरुष, बच्चे उन सबकी यह ऐसी ख़ूबी है जिसकी ग़ैर भी प्रशंसा करते हैं और यह ख़ामोश तब्लीग़ होती है

हर लिहाज़ से हर विभाग जो जलसा सालाना में काम करता है बड़ा फ़आल नज़र आता है और शुक्रिया अधिकारी है

इस वर्ष बर्तानिया के कारकुनान के साथ मारीशस से भी पहली दफ़ा बड़ी संख्या में ख़ुद्दाम और कारकुनान आए और बड़ा अच्छा काम किया। इसी तरह कैनेडा से ख़ुद्दाम आए हैं जो वाइंड अप में मदद कर रहे हैं। अल्लाह तआला इन सबको जज़ा दे

इस जलसा में शामिल हो कर विनीत का ईमान यक़ीन में तबदील हो गया है कि यह सच्ची जमाअत है और यह मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जमाअत है। अगर हमने हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आवाज़ पर लब्बैक न कहते हुए मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को इस युग का ईमाम न माना तो हम गुमराह हो जाऐंगे (इस्माईल बेलन, फ़्रैंच गयाना)

दुनिया के सौ से अधिक देशों के लोग एक जगह इकट्ठे हों तो कई चीज़ें मुख़्तलिफ़ नज़र आती हैं, कई मसायल आ सकते हैं परंतु यहां हर एक के अख़लाक़ और व्यवहार एक जैसे नज़र आए (पोशीदा जापान)

मैं आपकी जमाअत के लोगों से वाअदा करता हूँ कि मैं अपना किरदार भरपूर अदा करूँगा और अपने ज़ेरे असर लोगों के सामने अपने ज़ाती तजुर्बात ज़ाहिर करूँगा कि अहमदी न केवल मुस्लमान हैं बल्कि बेहतरीन और मिसाली मुस्लमान हैं (उमर देगोर साहिब, चिल्ली)

अगर दुनिया में हर व्यक्ति इन्सानियत के लिए ज़्यादा शऊर, बेदारी और हमदर्दी पैदा करे जैसे जमाअत कर रही है तो यक़ीनी तौर पर आलमी मसायल हल किए जा सकते हैं (मिसिज़ पेट्रेशा, हॉलैंड)

मैं ने दुनिया के बहुत से देशों में बहुत बड़ी-बड़ी कान्फ्रैंसज़ में शिरकत की है लेकिन इतनी बड़ी कान्फ्रैंस कभी नहीं देखी जिसका इंतेज़ाम रज़ाकार अंजाम दे रहे हों डाक्टर क्रिस्टी चांचिंग साहिबा, ताइवान

हम इस अह्द के साथ इस जलसा से वापस जा रहे हैं कि अपने देश वासियों को बताएं कि जमाअत अहमदिया बहुत पुरअमन और बहुत मु-नज़्ज़म और बाअख़लाक़ जमाअत है (डाक्टर फ्रैंक साहिब, ताइवान)

मुझे बताया गया कि जमाअत अहमदिया दुनिया में क़ियाम अमन, सलामती और इंटर फ़ेथ डायलॉग के लिए काम कर रही है तो मुझे शुरू में यही महसूस हुआ कि यह सब कुछ सिर्फ़ बयानात तक सीमित है लेकिन जलसा में शिरकत करके अपने अनुभव से देखा और तसदीक़ की कि जमाअत जो ग़ैरों को वर्णन देती है ख़ुद इस पर अमल भी करती है (लोरीना वेला साहिबा, कोस्टारीका)

जमाअत के इलम के हुसूल और इलम को फैलाने की काविशों ने मेरे पर बहुत गहरा प्रभाव छोड़ा है। इस बात ने भी मुझ पर गहरा असर छोड़ा कि तैंतालीस हज़ार अफ़राद की शमूलियत के बावजूद पर्दे का लिहाज़ रखा गया और मर्द और औरतें अपनी-अपनी जगह पर काम कर रहे थे। (सुलेमान बा साहिब, आइसलैंड)

बिल् उमूम मज़हबी तंज़ीमें डिप्लोमैट्स या सियासतदानों को ख़ुसूसी external तक़रीबात के लिए केवल बुलाती हैं और तक़रीब के विशेष भाग में दावत देकर फिर अल्-विदा कर देते हैं लेकिन इस के बरअक्स यह बहुत ग़ैरमामूली और काबिल-ए-तारीफ़ बात है कि आपकी जमाअत ने हम सब ग़ैर अज़ जमाअत मेहमानों से कोई पर्दा नहीं रखा। (बर्तानिया में अर्जनटाइन की सफ़ीर मारीना प्लाज़ा साहिबा)

जलसे में एक रुहानी माहौल महसूस किया जा सकता है और इमाम जमाअत भी जब कुछ बोलते हैं तो श्रोताओं की मुकम्मल ख़ामोशी और तवज्जा हैरानकुन होती थी। एक गहरा रुहानी माहौल क़ायम हो जाता था (रोबर्टो कातालूनौ, इटली)

मैंने भूतकाल में कई मज़हबी प्रोग्रामों में शमूलियत की है लेकिन मैं हमेशा दिल की गहराईयों से जानती थी कि मेरी ज़िंदगी में कुछ रुहानी पहलूओं की कमी है लेकिन जलसा वह तक़रीब थी जिसकी वजह से मेरी ज़िंदगी में जो भी कमी थी वह भी पूरी हो गई।

(अगाथे मेरी साहिबा, रोडरग्ज़ आईलैंड)

जलसे के माहौल को जन्नत से मुशाबहत दी जा सकती है। अगर इतने बड़े मजमा में ऐसा माहौल पैदा किया जा सकता है तो बईद नहीं कि पूरी दुनिया में ऐसा माहौल बनाया जा सके लेकिन केवल जमाअत अहमदिया ही है जो यह काम कर सकती है।

(प्रोफ़ैसर आरबग ज़क्राज कोसो)

मेरे लिए सबसे यादगार लम्हा मर्दों को अल्लाह तआला से दुआ के वक़्त रोते हुए देखना था

(यौरा गोय से ताल्लुक़ रखने वाली महिला लेखिका)

अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से अंदाज़न छयालीस मिलियन से अधिक लोगों ने जलसा सालाना की ख़बर देखी और सुनी

जलसा सालाना बर्तानिया के अवसर पर बेलौस ख़िदमात बजा लाने वाले कारकुनान के लिए इज़्हार-ए-तशक्कुर तथा जलसा में शामिल होने वाले कुछ ग़ैरों के तास्सुरात

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 02 अगस्त 2024 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَ رَسُوْلُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَاالضَّآلِّيْنَ

पिछले हफ़्ते जलसा सालाना यू.के अल्लाह तआला के फ़ज़्लों के नज़्ज़ारे दिखाता हुआ अंत को पहुंचा। यह तीन दिन बड़े बरकतों वाले दिन थे जिसने अपनों और ग़ैरों सब पर एक अच्छा प्रभाव छोड़ा। कुछ ग़ैरों के तास्सुरात वर्णन करूँगा लेकिन इस से पहले मैं कारकुनान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ जिन्हों ने जलसा से पहले भी, जलसा के दौरान भी और जलसा के बाद भी इन इंतेज़ामात के करने और समेटने में अपना किरदार अदा किया और अभी भी कर रहे हैं। अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से जमाअत के लोगों, औरतें, मर्द, बच्चे उन सबकी यह ऐसी ख़ूबी है जिसकी ग़ैर भी प्रशंसा करते हैं और यह ख़ामोश तब्लीग़ होती है।

जो ये कारकुनान अपने फ़रायज़ अदा करते हुए कर रहे होते हैं। जलसा के समस्त विभागों के कारकुनान का इस में अहम हिस्सा है चाहे वे दाख़िली रास्तों पर हैं, गेट पर हैं, चैकिंग पर हैं, पार्किंग में हैं, खाना खिलाने पर हैं, खाना पकाने पर हैं, सफ़ाई पर हैं। बच्चों की डयूटियाँ हैं पानी पिलाने की उस पर हैं या और बच्चे जो मुख़्तलिफ़ जगहों पर डयूटी दे रहे हैं।

हर लिहाज़ से हर शोबा जो जलसा सालाना में काम करता है बड़ा फ़आल नज़र आता है और शुक्रिया का अधिकारी है।

छोटी मोटी कमज़ोरियाँ होती हैं बाज़ों को नज़र भी आती होंगी लेकिन इतने बड़े इंतेज़ाम में ऐसी कमज़ोरियों को देखा अंदेखा किया जाना चाहिए। तथापि यह जो सारी डयूटियाँ हैं वे देने वाले जो हैं वे मेहमानों की ख़िदमत के अतिरिक्त एक ख़ामोश तब्लीग़ कर रहे होते हैं और बहुत से लोग इस बारे में तारीफ़ी कलिमात कारकुनान के लिए कहते हैं, लिख के भेजते हैं, मेहमान भी जो ग़ैर आए हुए होते हैं अपने तास्सुरात में छोड़ के जाते हैं। इसी तरह एम.टी.ए के माध्यम से दुनिया में मुख़्तलिफ़ देशों में बैठे हुए लोग भी शुक्रगुज़ार हैं कि हमें जलसा का प्रोग्राम अहसन रंग में पहुंचाया।

अतः इन सब कारकुनान (सेवा करने वालों) का मैं भी शुक्रिया अदा करता हूँ। इस वर्ष बर्तानिया के कारकुनान के साथ मारीशस से भी पहली दफ़ा बड़ी संख्या में ख़ुद्दाम और कारकुनान आए और बड़ा अच्छा काम किया।

इसी तरह कैनेडा से ख़ुद्दाम आए हैं जो वाइंडअप (wind-up) में मदद कर रहे हैं। अल्लाह तआला इन सबको उत्तम प्रतिफल दे।

प्रैस और मीडीया की कवरेज भी इस वर्ष बहुत अच्छी हुई है। इसी तरह ट्रैफ़िक का इंतेज़ाम भी बहुत अच्छा था। हम-साए भी ख़ुश रहे। हर वर्ष उनकी तरफ़ से शिकायात आती हैं इस साल शिकायात नहीं आएं बल्कि उनके ख़्याल में शायद पिछले वर्ष से हाज़ेरी कम थी जो इतने आराम से ट्रैफ़िक चलती रही हालाँकि हाज़ेरी पिछले वर्ष से दो हज़ार ज़्यादा थी और जब उनको यह बताया गया तो इस बात पर बड़े हैरान थे। मा शा अल्लाह बहुत अच्छा इंतेज़ाम था। इस इलाक़े के हमारे एक कौंसिलर हैं, जो अहमदी हैं, मुरब्बी भी हैं, उन्होंने सब हमसाइयों से ताल्लुक़ात और ट्रैफ़िक प्लैनिंग में बड़ा अच्छा किरदार अदा किया है। अल्लाह तआला उन्हें भी उत्तम प्रतिफल दे।

बहरहाल अब मैं तास्सुरात वर्णन करता हूँ। अल्लाह तआला इन तास्सुरात वर्णन करने वालों के दिलों को भी खोले और वह अहमदियत के पैग़ाम के हक़ीक़ी अर्थों को समझने वाले हों।

और हम इस उद्देश्य को हासिल करने वाले हों जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बेअसत का उद्देश्य था। केवल ये तीन दिन ही नहीं बल्कि उन चीज़ों को हम अपनी ज़िंदगियों का हिस्सा भी बनाएँ।

फ़्रैंच गयाना से इस्माईल बेलन साहिब जो जलसा में शामिल हुए उनका जमाअत से पुराना ताल्लुक़ है लेकिन बैअत नहीं की हुई थी। उनको जलसा के दौरान बैअत की भी तौफ़ीक़ मिल गई। कहते हैं कि मैं ने अपनी ज़िंदगी में इस तरह की तक़रीब जहां दुनिया की समस्त बड़ी ज़बानें और नसलें जमा हों कभी नहीं देखी।

इस जलसा में शामिल हो कर विनीत का ईमान यक़ीन में तबदील हो गया है कि यह सच्ची जमाअत है और यह मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जमाअत है। अगर हमने हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आवाज़ पर लब्बैक न कहते हुए मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को इस युग का ईमाम न माना तो हम गुमराह हो जाऐंगे।

कहते हैं कि मुझे यक़ीन है कि अल्लाह तआला ने विनीत को इस रस्ता पर हिदायत दी है और आज अगर मुस्लमान मुत्तहिद होना चाहते हैं तो उनके लिए यही है कि जमाअत अहमदिया में शामिल हो कर ख़िलाफ़त के हाथ पर बैअत कर के इस बाबरकत जमाअत में शामिल हो जाएं। फिर कहते हैं जलसा सालाना के इंतेज़ामात भी लासानी थे। हर कारकुन हमेशा मुस्कुराता हुआ नज़र आया और उनके चेहरों पर कोई मुनाफ़क़त नहीं थी। हर कारकुन दिली ख़ुशी से मेहमानों की ख़िदमत कर रहा था। मैं किसी को नहीं जानता था परंतु हर कोई ऐसे मिल रहा था जैसे हम सालों से एक दूसरे को जानते हैं। कहते हैं जलसा से पहले भी मैं कई सालों से मुस्लमान था, मैं मुस्लमान हो गया था और इस्लामी आदेशों पर अमल करने की कोशिश करता था परंतु हमेशा लगता था किसी चीज़ की कमी है परंतु इस जलसे में शामिल हो कर मुझे महसूस हुआ कि मेरी वह कमी पूरी हो गई है।

जापान से आए हुए बुध मत चीफ़ परेस्टिट योशीदा साहिब कहते हैं हमने जलसा के समस्त सेशंज़ में शिरकत की। मेरी पत्नी महिलाओं की मारकी में भी गई। हमने

नुमाइशें भी देखीं और कुछ देर के लिए बाज़ार की ओर भी गए। हर जगह एक बात मिसाली थी कि ख़िदमत करने वाले रज़ाकार मुस्तइद और चौकस नज़र आते। पहले दिन से लेकर आख़िरी दिन के आख़िरी लमहात तक कारकुनान का जोश-ओ-जज़बा वैसा ही क़ायम-ओ-दायम था। जलसा में शामिल होने वाले अहमदी अहबाब भ ीनिहायत मेहमान नवाज़ और मिलनसार थे।

दुनिया के सौ से अधिक देशों के लोग एक जगह इकट्ठे हों तो कई चीज़ें मुख़्तलिफ़ नज़र आती हैं, कई मसायल आ सकते हैं परंतु यहां हर एक के अख़लाक़ और रवी्ये एक जैसे आए।

जहां किसी को रोक दिया गया वह वहीं रुक गया और जहां नमाज़ के लिए या जलसा के लिए बुलाया गया वहां बिना देरी पहुंच गए। कहते हैं हमारे लिए जलसा का यह नज़ारा नाक़ाबिल फ़रामोश है। उन्होंने मुझ से भी मुलाक़ात की थी और मैं ने उनको कहा था कि एक ख़ुदा पर ईमान ज़रूरी है। इस बारे में सोचें और ग़ौर करें और इसी तरह इन्सानियत से मुहब्बत की तलक़ीन भी की। कहते हैं कि मैं बुध मत क ापैरोकार होने की वजह से रिवायती तौर पर तो एक ख़ुदा को नहीं मानता परंतु मेरा दिल यही कहता है कि इस कायनात का कोई ख़ालिक़ और मालिक है और हम सब उसकी मख़लूक़ हैं और हम इस ख़ालिक़-ओ-मालिक रब का क़ुरब हासिल कर सकते हैं। बहरहाल कुछ न कुछ उनमें अल्लाह तआला की तरफ़ क़दम बढ़ाने का ख़्याल पैदा हुआ।

कोसो से एक मेहमान आए थे अज़ीज़ नज़ीरी (Aziz Neziri) साहिब। कहते हैं पहली बार जलसा में शामिल होने का अवसर मिला। बहुत ख़ुशी हुई। हर चीज़ मुनज़्ज़म तरीक़े पर चल रही थी। विशेषता तक़ारीर बहुत फ़ायदामंद थीं। ख़लीफ़ा वक़्त की तक़रीरें सुनके मैं अपने अंदर एक रुहानी तबदीली पैदा होते देखता हूँ और उनके साथ में वापस जाऊँगा। यहां नमाज़ें पढ़ने से मेरे दिल में एक सुकून पैदा कर दिया है। कहते हैं मैं एक बूढ़ा व्यक्ति हूँ। दुआ है कि अगले वर्ष मुझे फिर उस रुहानी माहौल में शामिल होने का अवसर मिला। कहते हैं इस माहौल ने मेरे अंदर इस्लाम अहमदियत की एक मुहब्बत भर दी है। जहां में जाऊँगा उसका वर्णन ज़रूर करूँगा। लोगों को भी इस तरफ़ तवज्जा दिलाऊँगा कि अहमदियत की हक़ीक़ी तालीम को पढ़ें। ख़लीफ़ा वक़्त के इख़तेतामी ख़िताब का जो दलायल से लबरेज़ था उसका वर्णन भी ज़रूर करूँगा क्योंकि मैं ख़ुद इस बात का शाहिद हूँ। बैअत करने से क़बल बरशतीना नाम का जो शहर है वहां जमाअत का मिशन हाऊस था उसके पास एक दुकान थी। जब कभी इस दुकान में जाता तो वहां दुकान का मालिक जो मुस्लमान था उस को जब पता चलता कि मैं मिशन हाऊस जा कर नमाज़ पढ़ता हूँ तो उसने मुझे कहा कि तुम इस मस्जिद में न जाया करो। ये कादियानी हैं जिन्होंने एक नया नबी बनाया हुआ है। वह व्यक्ति आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को नऊज़ुबिल्लाह गालियां देता है जो उनका नबी है और इस्लाम में बिदआत पैदा कर दी हैं और इस्लामी तालीम को बदल दिया है। लेकिन मैं नियमित नमाज़ों पर आता रहा और सवालों के उत्तर हासिल करता रहा और अल्लाह तआला ने मेरे दिल को अहमदियत के लिए रोशन कर दिया लेकिन अब इस ख़िताब को सुनने के बाद एक-बार फिर मुझे इस बात का एहसास हुआ कि किस तरह ग़ैर अज़ जमाअत मुख़ालेफ़ीन लोगों को जमाअत से दूर करते हैं। मैं बहरहाल वापस जा कर उन लोगों को इस ख़िताब को सामने रखते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की तहरीरात से ही जवाब दूँगा।

चिल्ली से आने वाले एक मेहमान थे उम्र गैबुर (Gaibur) साहिब जो चिल्ली की नैशनल हुकूमत में डायरेक्टर आफ़ वर्शिप की हैसियत से काम कर रहे हैं, कहते हैं मेरे फ़रायज़ में शामिल है कि चिल्ली की हुकूमत देश में क़ायम समस्त मज़हबी तन्ज़ीमों की रजिस्ट्रेशन और अन्य विषयों में राहनुमाई करूँ। कहते हैं मैंने जमाअत अहमदिया के बारे में मुल्क में क़ायम मुस्लिम तन्ज़ीमों से राय दरयाफ़त की तो सबने मनफ़ी तास्सुरात वर्णन किए जिनका ख़ुलासा यही था कि यह मुस्लमान नहीं हैं। कहते हैं जलसा में आपके ख़लीफ़ा से मुलाक़ात हुई। इसके बाद मैं आपकी जमाअत के अफ़राद से वाअदा करता हूँ कि मैं अपना भरपूर किरदार अदा करूँगा और अपने अधीन मेलजोल वाले लोगों के सामने अपने ज़ाती तजुर्बात ज़ाहिर करूँगा कि अहमदी न सिर्फ मुस्लमान हैं बल्कि बेहतरीन और मिसाली मुस्लमान हैं।

कहते हैं मैं आपकी जमाअत को चिल्ली में क़ायम करने के एतबार से भी अपनी भरपूर कोशिश करूँगा। उन्होंने वर्णन किया कि मुझे विशेषता ख़लीफ़ा के पहले दिन का ख़िताब बहुत अच्छा लगा जिसमें उन्होंने डिसिप्लिन और इंतेज़ामी उमूर पर बज़ात-ए-ख़ुद ख़ुतबा दिया। कहते हैं कि मैंने कसरत से मज़हबी जलसों में शिरकत की है लेकिन कभी मैंने यह नहीं देखा कि कोई मज़हबी लीडर ख़ुद इंतेज़ामी उमूर की तरफ़ राहनुमाई करे। मुझे यह ख़ुत्बा सुनकर बहुत हैरत हुई और साथ ख़ुशी भी क्योंकि यह बात बताती है कि आपके ख़लीफ़ा जमाअत की रुहानी और अख़लाक़ी बेहतरी के लिए और इंतेज़ामी बेहतरी के लिए कोशिश कर रहे हैं।

हॉलैंड से एक महिला मिसिज़ पेट्रीशिया (Patricia) कहती हैं।सबसे पहले तो मैं जलसा यू.के 2024 ई. के दौरान आपकी मेहमान-नवाज़ी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगी और बहुत सारे लोग, दुनिया के विभिन्न इलाक़ों के लोग आए हुए थे और भाई चारे का एक अजीब इज़हार था। इंडोनेशिया से लेकर अमरीका तक के देशों के लोग थे। कहती हैं मैं आपके इजतेमाआत जैसे (Peace Walk) इत्यादि है, अमन कान्फ्रैंस इत्यादि है उनमें शामिल होती हूँ। अब यह जलसा पर आना मेरा अगला क़दम है। कहती हैं यहां मैं ने देखा कि रोज़ाना की बुनियाद पर हज़ारों शुरका को हैंडल करना और एक गांव का सेट अप लेकर उस की तामीर बिशमोल समस्त लोजस्टिक्स और समस्त सहूलयात का बहुत अच्छी तरह इंतिज़ाम किया गया। लोगों की एक बड़ी तादाद एक दूसरे के साथ तआवुन करती नज़र आई।क ो ई लाइनें नहीं थीं। लोग साथ के साथ सफ़ाई भी करते जा रहे थे। जलसा को मुम्किन बनाने के लिए अमले की पूरी टीम और रज़ाकारों की टीम को मुबारकबाद। नौजवान तलबा और हर एक को छोटे कामों में शामिल देखना, बड़े उद्देश्य के लिए तआवुन करते देखना हमेशा ख़ुश आइंद है। कहती हैं मुख़्तलिफ़ सेशंज़ में हिस्सा लेकर पुरअमन तवानाई महसूस हुई विशेषता आलमी बैअत की नशिस्त ज़िंदगी-भर याद रखूँगी। कहती हैं

अगर दुनिया में हर व्यक्ति इन्सानियत के लिए ज़्यादा शऊर, बेदारी और हमदर्दी पैदा करे जैसे जमाअत कर रही है तो यक़ीनी तौर पर आलमी मसायल हल किए जा सकते हैं।

अर्जनटाइन से आने वाले एक मेहमान टॉमस रेनिल (Tomas Randle) साहिब जिन्हों ने अर्जनटाइन की नैशनल सैक्रेटरी आफ़ वर्शिप की नुमाइंदगी का वर्णन करते हैं कि मैंने आपकी जमाअत के जलसा को रशक की निगाह से देखा। किस उम्दगी से और नज़म-ओ-ज़बत से आप लोगों ने इस क़दर बड़े मजमा का किया! कहने लगे कि हमारे मुल्क में नामुमकिन है बल्कि पुलिस की मौजूदगी में भी इस उम्दगी से इतने बड़े मजमा का तसव्वुर नहीं किया जा सकता और जो ख़लीफ़ा का औरतों से ख़िताब था वह इस पहलू से भी मुझे अच्छा लगा कि :

आप लोग मुआशरे के दबाओ और मग़रिबी दुनिया के असर के बावजूद पुख़्तगी से अपने उसूल पर हैं।

कहते हैं गो कि बहैसियत ईसाई मैं समस्त वर्णन किए बिंदुओं से सहमत तो नहीं लेकिन विशेषता जो फ़ैमिली लाईफ़ से मुताल्लिक़ा उमूर वर्णन किए गए वे मेरे लिए बहैसियत ग़ैर मुस्लिम भी निहायत लाभकारी थे।

तायवान से आई हुई मेहमान डाक्टर क्रिस्टी चांग साहिबा कहती हैं कि हमें एयरपोर्ट से बड़ा रीसीव किया गया। बहुत मेहमान-नवाज़ी का सुलूक किया गया और फिर हमें जलसा में शामिल होने का अवसर मिला जहां हमने देखा कि हज़ारों रज़ाकार काम सरअंजाम दे रहे हैं। मेरी हैरत की इंतेहा नहीं रही हैं।

मैं ने दुनिया के बहुत से देशों में बहुत बड़ी बड़ी कान्फ्रैंसज़ में शिरकत की है लेकिन इतनी बड़ी कान्फ्रैंस कभी नहीं देखी जिसका इंतेज़ाम रज़ाकार अंजाम दे रहे हों।

लजना से ख़िताब में भी ख़लीफ़ा वक़्त ने अहमदी बच्चियों की ज़िंदगी गुज़ारने के निहायत ख़ूबसूरत अंदाज़ सुखाय। इस ख़िताब के दौरान मैं बच्चीयों के expressions नोट करती रही। जिस तवज्जा से बच्चियाँ इन नसाएह को सुन रही थीं इस से अंदाज़ा हो रहा था कि अहमदी बच्चियाँ और नौजवान नसल अपने ख़लीफ़ा से मुहब्बत करती है। मैं पहली दफ़ा इमाम जमाअत से मिल रही थी मेरा तास्सुर था कि हमारी मुलाक़ात बड़ी फॉर्मल अंदाज़ में होगी, कई किस्म के तकल्लुफ़ात और हिदायात का सामना होगा परंतु बड़े ग़ैर फॉर्मल अंदाज़ में हमारी सारी बातें हुईं, हाल अहवाल पूछा, तायवान के बारे में भी दरयाफ़त किया। कहती हैं हमारे बहुत सारे सवाल थे लेकिन हम इमाम जमाअत के सवालों के जवाबात देने में इतने मगन हुए कि हमें कुछ पूछने का अवसर नहीं मिला। बहरहाल जलसा ने उन पर नेक असर क़ायम किया।

तायवान से आए हुए एक और मेहमान डाक्टर फ्रैंक साहिब कहते हैं बहुत लंबा सफ़र करके इस कान्फ्रैंस में शामिल हुए। तायवान से सफ़र पर निकले, बीजिंग पहुंचे थे कि तायवान में तूफ़ान की वजह से फ़्लाईट कैंसल हो गई परंतु हम फिर भी सफ़र

करने में कामयाब हुए, बख़ैरियत पहुंच गए और मुझे महसूस हो रहा था कि हमारा यह सफ़र मोजज़ाना है। कहते हैं जलसा में शामिल हो कर हमें लगा कि यह ख़ुदा की तक़दीर थी जिसकी बदौलत हम जलसे में शामिल हो सके। जलसा के इफ़्ततताही ख़िताब में इमाम जमाअत अहमदिया ने जब यह कहा कि यह कोई संसारिक जलसा नहीं बल्कि एक रुहानी इजतेमा है तो दुबारा मेरा यह यक़ीन पुख़्ता हो गया कि बज़ाहिर मुश्किल हालात के बावजूद जिस तरह ख़ुदा ने हमें जलसा में शिरकत का अवसर दिया यह सब ख़ुदा की अता और चमत्कार का परिणाम है। कहते हैं कि हम मियां बीवी ताइवान से जलसा में शामिल होने वाले अव्वलीन लोगों में से हैं।

हम इस अहद के साथ इस जलसा से वापस जा रहे हैं कि अपने वतन वालों को बताएं कि जमाअत अहमदिया बहुत पुरअमन और बहुत मुनज़्ज़म और बाअख़लाक़ जमाअत है।

और हम आइन्दा सालों में मज़ीद मेहमानों को जलसा सालाना में शामिल होने की तहरीक करेंगे।

कैनेडा से एक ईरानी नज़ाद मेहमान यह मुझे यासीन अहमदी साहिब लगते हैं। उन्होंने फ़लसफ़ा में पी एच डी की हुई है। सहाफ़ी भी हैं। उन्हों ने कहते हैं मैंने अहमदिया जलसा सालाना को दीन की शक्ल में हिक्मत और अक़ल का एक आकर्षक मुज़ाहरा पाया। जलसा सालाना की रूह मुस्लमानों के दरमयान बराबरी के निशानात से भरपूर थी। जब मैं ने इस जलसा में शिरकत की तो पहले ही लम्हे से मैं ने महसूस किया कि मुस्लमान ख़ुशक और बे लचक दीनी तशरीहात से हट कर ज़मीन पर रहने वाले इन्सानों के साथ हमदर्दी के खुले उफ़ुक़ की जानिब लौट रहे हैं। जमाअत को देख के मुझे अंदाज़ा हुआ कि अहमदियों की शान-ओ-वक़ार और सब्र-ओ-तहम्मुल और इस्लामी तालीमात की मोतदिल तशरीह सदियों की मज़हबी ख़ूँरेज़ी और तशद्दुद के बाद इलाही हिदायात के साय में एक पुरसुकून और पुरअमन ज़िंदगी की हवा थी। अहमदिया तालीमात का जदीद तहज़ीब के साथ मेलजोल होना इन ख़ूबसूरत पहलूओं में से एक था जो वाज़ेह तौर पर नुमायां किया गया था। मैं उम्मीद करता हूँ कि अहमदिया जमाअत के ख़्यालात ज़्यादा से ज़्यादा शान-ओ-शौकत और तेज़ी से मुस्लमानों और ज़मीन पर रहने वाले दीगर लोगों में फैलेंगे ताकि हर एक निजात, ख़ुशहाली और कामयाब ज़िंदगी का तजुर्बा हासिल कर सके।

बेलीज़ से आए हुए मेहमान रोनल्ड हाईड (Ronald Hyde) साहिब कहते हैं। वह बैअत की तक़रीब के दौरान अपने जज़बात को वर्णन नहीं कर सकते। उन्हें अल्लाह की मौजूदगी महसूस हो रही थी। कहते हैं बहुत से मर्द बग़ैर किसी दुनियावी फ़िक्र के ज़ोर ज़ोर से रोते और अल्लाह की मग़फ़िरत की दुआ मांगते। बैअत का यह तजुर्बा उनकी ज़िंदगी पर गहरे असरात छोड़ गया है। इतने बड़े इजतेमा को और लोगों की इतनी बड़ी संख्या को बग़ैर कोई शराब और मौसीक़ी के देखना वाक़ई हैरत-अंगेज़ था और यह देखना कि हर कोई सिर्फ़ रूहानियत में इज़ाफ़ा करना चाहता है वाक़ई काबिल-ए-तारीफ़ था। यह वास्तव में एक ज़िंदगी बदलने वाला तजुर्बा था। सिर्फ डयूटी वाले ही नहीं बल्कि जो शामिल होने वाले हैं उनको देखकर भी उन लोगों में ख़ामोश तब्लीग़ होती है।

मुबल्लिग़ सिलसिला बोलियो कहते हैं कि कार्लोस होगो (Carlos Hugo) साहिब तीसरी दफ़ा जलसा पर आए हैं और कुछ अरसा से इस्लाम की तालीम का अध्ययन कर रहे थे। एक माह क़बल उन्होंने बैअत भी कर ली थी और जलसा सालाना में उनको आलमी बैअत की तक़रीब में शामिल होने की तौफ़ीक़ मिली। कहते हैं कि जलसा सालाना यू.के मेरी ज़िंदगी का सबसे अहम तरीन रुहानी अनुभव था। मैं महसूस करता हूँ कि मेरा दिल और मेरी रूह आलमी बैअत की तक़रीब में शामिल होने के बाद रूहानियत से भर गए हैं और मैं एक हक़ीक़ी अहमदी बन गया हूँ। बतौर एक नौ मुबाईन कहते हैं मुझे ख़लीफ़ा वक़्त ने यह नसीहत की कि नमाज़ तवज्जा से पढ़ो और ख़ुदा के साथ पुख़्ता ताल्लुक़ पैदा करो और जमाअत बोलियो मैं अहमदियों को क़ुरआन-ए-मजीद पढ़ने की तरफ़ तवज्जा दिलाओ। कहते हैं इस पर मैं ख़ुद भी अमल करूँगा और बताऊँगा भी।

यौरागोय से आई हुई एक ग़ैर अज़ जमाअत मेहमान मारिया सोलस् फ्रैंको (Maria Sol Caballero Franco) साहिबा कहती हैं। जलसा सालाना मेरी आशाओं से बहुत बेहतर साबित हुआ। सबसे पहले मेहमानों की रिहायश मिसाली थी। तक़रीरें प्रभावी थीं। पहला सैशन मेरा पसंदीदा था। 'मुहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं के पैग़ाम को बढ़ाना और फैलाना बहुत अहम है। मैंने मजमूई माहौल में बिरादरी का ख़ुशगवार एहसास पाया। इंतेज़ामिया ने भी नुमायां किरदार अदा किया। एक बड़ा ईवंट होने के बावजूद इस में कभी भीड़ नहीं देखी और न यह क़ाबू से बाहर महसूस हुआ। कारों के लिए अच्छी तरह मन्सूबा बंद रास्ते और वाज़ह इशारे, शानदार लॉजिस्टिक्स थीं जिसने बिला-शुबा बहुत से शामिल होने वालों को प्रभावित किया। जलसा में शिरकत ने मेरी रूहानियत पर मुसबत असर डाला। सबसे यादगार लमहात में से एक इतवार को अहमदी अहद को दोहराना था, अर्थात बैअत, जहां सबने मिलकर दुआ की और आँसू बहाए। ऐसा मज़बूत ईमान का जज़बा मैंने पहले कभी नहीं देखा था। अगर मुझे तजवीज़ करना हो तो यह होगा कि मेहमानों के लिए तक़रीबात के दरमयान मज़ीद सरगर्मीयां होनी चाहिए। मज़ीद यह कि ख़वातीन मेहमानों को हिजाब पहनने का पाबंद नहीं करना चाहिए। यह पाबंद तो नहीं किया जाता या तो उनको ग़लतफ़हमी हुई है या किसी कारकुन ने यूंही कह दिया होगा। विशेषता तो मेरा ख़्याल है हम यह नहीं कहते। लेकिन लिबास बहरहाल हम कहते हैं कि हयादार होना चाहिए। बहरहाल कहती हैं कि हिजाब दस्तयाब ज़रूर हों जो चाहे वे पहन ले।

कोस्टारिका से आई हुई एक मेहमान लोरीना वेला (Lorena Villa Lobos) कहती हैं कि कोस्टा रेकह में उनका मुस्लिम मज़हबी तन्ज़ीमों से वास्ता रहता है परंतु उनमें औरत का किसी किस्म का कोई किरदार नज़र नहीं आता बल्कि केवल मर्द ही मज़हब की नुमाइंदगी करते हैं जो ख़ास मज़हबी ओहदों पर निर्धारित होते हैं परंतु जमाअत अहमदिया के जलसा सालाना में शिरकत करके मुझे हैरत भी हुई और ख़ुशी भी कि जमाअत अहमदिया में औरत को मर्द के बराबर स्थान दिया जाता है। दूसरे दिन जब वे औरतों के जलसा गाह में गईं तो औरतों का डिसिप्लिन और सफ़ाई का मयार बहुत बेहतर नज़र आया कहती हैं :

मुझे बताया गया कि जमाअत अहमदिया दुनिया में क़ियाम-ए-अमन, सलामती और एंटर फ़ेथ डायलॉग के लिए काम कर रही है तो मुझे शुरू में यही महसूस हुआ कि ये सब कुछ केवल बयानात तक महिदूद है लेकिन जलसा में शिरकत करके अपने तजुर्बे से देखा और तसदीक़ की कि जमाअत जो ग़ैरों को बयान देती है ख़ुद इस पर अमल भी करती है।

जमात के अक़ायद और अमल एक ही हैं।

बरोंडी से आए हुए एक मेहमान हातू नगीमाना पोनीते (Hatungimana Pontien) साहिब हैं जो सैक्रेटरी वज़ारत क़ौमी यकजहती और समाजी उमूर और इन्सानी हुक़ूक़ बरोंडी हैं। अपने ख़्याल का इज़हार करते हुए कहते हैं। मेरा बड़ा जोशीला इस्तिक़बाल एयरपोर्ट से ले के रिहाइशगाह तक किया गया। नौजवान रज़ाकारों ने मुझे ख़ुश-आमदीद कहा। मेरा नियमित शानदार मेहमान-नवाज़ी की गई। तीन दिनों में जमाअत अहमदिया की तरफ़ से बेलौस मुहब्बत के साथ हिफ़ाज़त और बिला तफ़रीक़ मज़हब-ओ-मिल्लत रंग-ओ-नसल जो मेहमान-नवाज़ी की गई मैं उसे हमेशा याद रखूँगा। कहते हैं बावजूद उस के कि मेरा अक़ीदा कुछ मुख़्तलिफ़ है लेकिन हम सब एक अल्लाह की मख़लूक़ हैं जो हम सबसे मुहब्बत करता है और हमारा एक ख़ून है। जलसा की तक़ारीर इस्लामी तालीमात से माला-माल हैं और अहमदिया कम्यूनिटी के अक़ायद के बारे में कुछ लोगों की ग़लत तशरीहात पर रोशनी डालती हैं या उनके जवाबात फ़राहम करती हैं।

दुनिया-भर में कामयाबियों के बारे में आपकी रिपोर्ट ने दिखाया है कि आप विशेष ज़रूरियात वाले लोगों को ख़िदमत के मंसूबे फ़राहम करके उनकी मदद करने में अपना हिस्सा डालते हैं और मैं अपने मुल्क बरोंडी में इन ख़िदमात का गवाह हूँ। कहते हैं इतनी बड़ी कान्फ्रैंस किसी इन्सान का काम नहीं है, ये केवल अल्लाह तआला का मुआमला है। यह एक वसीअ-ओ-बलीग़ निशानी है जो इस बात की गवाही देती है कि आप जो कुछ भी करते हैं हमेशा अल्लाह तआला का हाथ इस में होता है और फिर यह दुआ देते हैं कि अल्लाह तआला आपकी हिफ़ाज़त में रहे।

आईस से आए हुए एक ग़ैर अहमदी मेहमान सुलेमान बाह साहिब जो पैदाइशी तौर पर तो गैमबेन हैं कहते हैं जलसा में शामिल हो कर जमाअत के विषय में ज्ञान में बढ़ोतरी हुई। मुख़्तलिफ़ नुमाइशों की ज़यारत करने के बाद मैंने देखा कि जमाअत दुनिया-भर में क्या कर रही है।

जमाअत के इलम के हुसूल और इलम को फैलाने की काविशों ने मेरे पर बहुत गहरा प्रभाव छोड़ा है। इस बात ने भी मुझ पर गहरा असर छोड़ा कि तैंतालीस हज़ार अफ़राद की शमूलीयत के बावजूद पर्दे का लिहाज़ रखा गया और मर्द और औरतें अपनी-अपनी जगह पर काम कर रहे थे।

कहते हैं मैं कई इस्लामी जलसात और प्रोग्रामों में शामिल हो चुका हूँ जबकि वहां केवल चंद हज़ार की संख्या थी। मर्दों और औरतों का मेल मिलाप हो रहा था लेकिन

जलसा में इतनी बड़ी संख्या के बावजूद पर्दे का ख़्याल रखा जा रहा था। यह कोई मामूली बात नहीं है, यह भी एक ख़ामोश तब्लीग़ है जो उन लोगों को हमारे अमल से होती है, और इसके लिए जमाअत को दाद देनी चाहिए। जलसा का इंतेज़ाम और निज़ाम बहुत आला था। लोग एक दूसरे के साथ एहतेराम से पेश आते थे। कारकुनान ख़ुशी से काम कर रहे थे और एक smooth निज़ाम चल रहा था और ये सब कुछ चंद दिनों की तैयारी का नतीजा नहीं बल्कि एक लंबा अरसा की तैयारी जारी थी। कहते हैं जामिआ में जहां मेरी रिहायश थी वहां मेटर्स बिछा दी गई थीं वहां हम सारे सो रहे थे और कोई तफ़रीक़ नहीं थी। मेहमानों के साथ हर एक से एक तरह से व्यवहार किया जा रहा था। फिर एक तजवीज़ वे देते हैं कि शायद बेहतर इंतेज़ाम हो सके कि जलसा गाह में जबकि उसीका इंतेज़ाम था लेकिन गर्मी की शिद्दत फिर भी महसूस हो रही थी और वेंटीलेशन, एयरवेंटीलेशन की कमी महसूस हो रही थी जिसकी वजह से कहते हैं नींद आ जाती थी और मैं समझा था कि केवल मुझे नींद आ रही है लेकिन बाक़ी लोग भी मैं दाएं बाएं देख रहा था तो वे भी कई दफ़ा ऊँघ जाते थे। इसलिए ताज़ा रखने के लिए हवा का निज़ाम चाहिए।

अर्जनटाइन के मुबल्लिग लिखते हैं कि मारीना प्लाज़ा (Mariana Plaza) साहिबा अर्जनटाइन की यू.के में सफ़ीर हैं। जलसा में उन्होंने पहली मर्तबा शिरकत की। वह जलसा के माहौल और तक़रीब से इस क़दर प्रभावित हुईं कि उन्होंने जलसा के बाद अर्जनटाइन सिफ़ारत ख़ाने में एक बाक़ायदा रेस्पशन का इंतेज़ाम किया जिसमें उन्होंने लैटिन (Latin) अमरीका से जलसा में शामिल होने वाले ग़ैर अज़ जमाअत मेहमानों को दावत दी। इस रेस्पशन के दौरान अर्जनटाइन सफ़ीर ने वर्णन किया कि वह विशेषता इन हुकूमती ग़ैर अज़ जमाअत मेहमानों का शुक्रिया अदा करती हैं जिन्हों ने जमाअत अहमदिया के जलसा में शिरकत की और इस तरह जमाअत के पैग़ाम को प्रोमोट करने में अपना किरदार अदा किया। उन्होंने कहा कि :

विशेषता मज़हबी तंज़ीमें डिप्लोमैट्स या सियासतदानों को ख़ुसूसी external तक़रीबात के लिए केवल दावत करती हैं और तक़रीब के विशेषता हिस्सा में दावत देकर फिर अल्विदा कर देते हैं लेकिन इस के विपरीत यह बहुत ग़ैरमामूली और काबिल-ए-तारीफ़ कार्य है कि आपकी जमाअत ने हम सब ग़ैराज़ जमाअत मेहमानों से कोई पर्दा नहीं रखा।

इस का यही नतीजा निकलता है कि आपका कोई ख़ुफ़ीया एजंडा नहीं है बल्कि आपकी समस्त शिक्षाएं प्रकट हैं और जो तालीमात आप ग़ैरों को पेश करते हैं वे आपके अपने अंदर अंदरूनी अक़ायद और एजंडे के ऐन मुताबिक़त हैं।

ब्राज़ील से एक अख़बार की ऐडीटर जैको लेनी (Jaqueline) साहिबा शामिल हुईं, महिला हैं। कहती हैं कि मैं इस अज़ीमुश्शान जलसा से हर लिहाज़ से बहुत प्रभावित हुई। विशेषता उस के स्ट्रक्चर और मुख़्तलिफ़ देशों से बड़ी संख्या में जो लोग शामिल हुए उनका आपस में बड़ी मुहब्बत और प्यार के साथ रहना, समस्त इंतेज़ामात से जिन्हों ने इस बात को यक़ीनी बनाया कि जलसा हर लिहाज़ से कामयाब रहे। अमन इत्तिहाद और मुहब्बत की फ़िज़ा से मुझे बहुत ख़ुशी हुई और इमाम जमाअत की पुरहिक्मत बातों ने मेरे दिल को छुआ और मेरे ज़हन को केवल अच्छी बातों के लिए खोला। ख़लीफ़ा वक़्त की बातों में केवल ज़ाहेरी अल्फ़ाज़ ही नहीं थे बल्कि दिल से निकली हुई मुख़लिसाना बातें लग रही थीं। इस जलसा के दौरान मुहब्बत और इज़्ज़त को हर लम्हे महसूस किया। रज़ाकारों ने जिस तरह दिलजमई से काम किया वह यक़ीनन दिल पर-असर करने वाला और काबिल-ए-तारीफ़ है।

ब्राज़ील से ही एक अख़बार के जर्नलिस्ट कहते हैं। एक ग़ैरमामूली जलसा था। मेरे दिल में जमाअत अहमदिया के लिए जो इज़्ज़त और ख़ैर ख़्वाही की भावना थी जलसा के बाद इस में मज़ीद इज़ाफ़ा हुआ है। रज़ाकारों की बेलौस ख़िदमत ने मेरी तवज्जा खींच ली कि कैसे वे अपने वक़्त, अपनी गाड़ियों और अपनी ख़िदमात को मेहमानों के लिए वक़्फ़ कर देते हैं। यह बहुत प्यारी बात है।

इटली की यूनीवर्सिटी आफ़ फ्लोरेंस के इंटर फ़ेथ डायलॉग के प्रोफ़ैसर रोबर्टो कातालानो (Roberto Catalano) हैं। वह जलसा में शामिल हुए। कहते हैं मैं इस तक़रीब से हैरान रह गया। यह जलसा दुनिया-भर की क़ौमों से कई हज़ार नुमाइंदों को इकट्ठा करता है। जमाअत अहमदिया के काबिल-ए-ज़िक्र इत्तिहाद को ज़ाहिर करता है।

जलसा में एक रुहानी माहौल महसूस किया जा सकता है और इमाम जमाअत भी जब कुछ बोलते हैं तो पाठकों की मुकम्मल ख़ामोशी और तवज्जा हैरानकुन होती थी। एक गहरा रुहानी माहौल क़ायम हो जाता था।

रज़ाकारों की लगन भी इतनी प्रभावी थी कि हज़ारों रज़ाकार जिनमें बच्चे भी शामिल हैं बहुत मेहनत से काम करते हैं। कहते हैं जलसा में विशेषता एक यादगार लम्हा आलमी बैअत का था जिसमें ख़लीफ़ा वक़्त के हाथ पर बैअत की गई। यह मुक़द्दस और शानदार तक़रीब चालीस हज़ार लोगों को एक साथ जोड़ती है जो उनके इजतेमाई ईमान और वाबस्तगी की एक ताक़तवर दलील है। कहते हैं विशेषता पाकिस्तान में जमाअत पर मज़ालिम और दरपेश मुश्किलात के हवाले से मेरी मालूमात में इज़ाफ़ा हुआ। इन मुश्किलात और मसायब के बावजूद नफ़रत न करने के व्यवहार ने मुझे प्रभावित किया है जो आपके ईमान की एक हक़ीक़ी गवाही पेश करता है।

रोडगज़आइलेंड से वहां की वीमन अफेयर्ज़ और फ़ैमिली वेल्फेयर की कमिशनर आगअथे मेरी साहिबा भी आई थीं। कहती हैं पहली बार इतनी बड़ी तक़रीब में शिरकत की जहां सौ से ज़्यादा देशों के लोग मौजूद थे और मुख़्तलिफ़ क़ौमियतों से ताल्लुक़ रखने वाले लोग शामिल थे। तक़रीबन चवालीस हज़ार शुरका के साथ यह जलसा मेरे लिए रोड्रग्ज़ जज़ीरे की पूरी आबादी के जमा होने का था।

जिस चीज़ ने मेरे दिल को पिघला दिया वह यह थी कि जलसा सालाना में शामिल लोग कितने नज़म-ओ-ज़बत के साथ बैठे थे। हर कोई मुस्कुरा रहा था, हर एक को सलाम कर रहा था। यह काबिल-ए-तारीफ़ है।

और इमाम जमाअत का लजना से ख़िताब भी बहुत मानी-ख़ेज़ था जिस से मुझे पता चला कि जमाअत अहमदिया मुस्लिमा में महिलाओं का किरदार कितना अहम है। मुझे यक़ीन है कि यह ख़िताब मेरी पालिसी में भी मुसबत तबदीलियाँ लाएगा। मैंने इस जलसा में बहुत कुछ सीखा जो यक़ीनी तौर पर मेरी और मेरे इर्द-गिर्द के लोगों की ज़िंदगियों में मुसबत तबदीलीयां लाएगा।

मैंने माज़ी में कई मज़हबी प्रोग्रामों में शमूलियत की है लेकिन मैं हमेशा दिल की गहिराईयों से जानती थी कि मेरी ज़िंदगी में कुछ रुहानी पहलूओं की कमी है लेकिन जलसा वह तक़रीब थी जिसकी वजह से मेरी ज़िंदगी में जो भी कमी थी वह भी पूरी हो गई।

रुहानी पहलूओं में कमी का यह इज़हार भी बहुत सारे लोगों ने किया है और हमें यहां बेहतर हालात मिले।

टीमो एंडरसन होयस (Temu Anderson Hoyce) साहिबा हैं। तनज़ानिया की तरफ़ से अक़वाम-ए-मुत्तहिदा जिनेवा में बतौर सफ़ीर निर्धारित हैं,कहती हैं कि : मैंने यहां पर आकर मुहब्बत और मुस्कुराहटों को पाया और इन दिनों कहीं भी नफ़रत देखने को नहीं मिली।

मस्तूरात के इजलास की कार्रवाई बहुत मालूमाती और प्रभावी थी। मैंने जलसा पर जो नुमाइशें देखीं वह भी बहुत ख़ूबसूरत थीं जिनमें जमाअत के बानी और बुज़ुर्गान का निहायत उम्दा परिचय करवाया गया। इस मज़बूत जमाअत के संस्थापक और हीरोज़ की तारीख़ को ख़ूबसूरती से पेश किया गया। जमाअत अहमदिया ने बहुत से लोगों की ज़िंदगियों को नुमायां तौर पर बदल दिया है जिनमें मेरा प्यारा मुल्क तनज़ानिया भी शामिल है। इस जलसा ने इन्सानी हमदर्दी और मुहब्बत के साथ ज़िंदगी जीने और बग़ैर किसी नफ़रत के इस की क़दर करने का अवसर दिया।

सैरालैयोन के एक मेहमान जस्टिस आयोन सीसे (Ivan Sesay) कहते हैं। जलसा सालाना के तीन दिन अमन, रुहानी तरक़्क़ी और आलमी यकजहती के दिन थे। जलसा का इंतेज़ाम बहुत आला था। रंग-ओ-नसल का कोई इमतेयाज़ नहीं था। समस्त लोग एक दूसरे के शाना बशाना काम कर रहे थे। हर कोई अपनी मुजव्वज़ा डयूटी बख़ूबी अंजाम दे रहा था चाहे वह बच्चे हों या कोई और। मैं यह देखकर बहुत हैरान हुआ। भाषण देने वाले और बड़े धार्मिक नेताओं और उल्मा ने गहरी बसीरत और प्रभावित करने वाले भाषण दिए जो हर किसी के दिल में घर कर गए। मुझे विशेषता शांतिप्रिय इत्तिहाद और इफ़हाम-ओ-तफ़हीम पर-ज़ोर देने की तालीम ने बहुत प्रभावित किया है। बेशुमार सरगर्मीयां और नुमाइशें भी थीं जिन्हों ने जलसा को पुररौनक़ बना दिया। तालीमी नुमाइशें अच्छी तरह पेश की गईं जो तारीख़ी और सक़ाफ़्ती बसीरत पेश करती थीं। फिर कहते हैं कि मुझे मुख़्तलिफ़ वर्गों से ताल्लुक़ रखने वाले लोगों से मिलने और बातचीत करने के बेशुमार अवसर मिले जिससे इत्तिहाद और भाई चारे के जज़बात को फ़रोग़ मिला। फिर कहते हैं मेरे लिए एक अहम लम्हा वह कलीदी तक़रीर थी जिसमें इमाम जमाअत ने इन्सानियत की हमदर्दी और ख़िदमत की एहमीयत पर रोशनी डाली। सोशल मीडीया या इलैक्ट्रॉनिक नैट वर्क्स के दरमयान अपने बच्चों के लिए वालदैन के किरदार और निगरानी न

करने की सूरत में बच्चों पर पड़ने वाले मनफ़ी असरात पर उनका ज़ोर हमारे मातापिता के लिए भीमार्गदर्शन और प्रभावित करने वाला था। कहते हैं जलसा सालाना के इंतेज़ामात तक़ारीर और जमाअत के लोगों की ख़िदमत मेरी आशाओं से कहीं बढ़कर थीं।

काज़किसतान से एक मेहमान गुल साईरां मेंगाली साहिबा हैं ,कहती हैं मैं पहली मर्तबा इतने अज़ीम मज़हबी जलसा में शामिल हुई हूँ। बतौर साबिक़ा सियास्तदान मुझे अनुभव है कि इतने बड़े इंतेज़ाम के लिए कितने अख़राजात होते हैं और इस आला सतह के इंतेज़ाम के लिए कितनी प्लैनिंग और कितने लोगों की अनथक मेहनत लगी होगी और में इस बात से बहुत प्रभावित हूँ कि समस्त कारकुनान हर विभाग में बहुत जज़बे और ख़ुशी से काम कर रहे थे। हर कारकुन अनथक मेहनत करने के बावजूद मेहमानों से मुहब्बत, इज़्ज़त और प्यार से पेश आ रहा था। हैं लेकिन जिस चीज़ ने मुझे सबसे ज़्यादा प्रभावित किया वह ख़लीफ़ा वक़्त के खिताबात थे। इन खिताबात में बज़ाहिर आम रोज़मर्रा की ज़िंदगी में काम आने वाली अख़लाक़ीयात की बातें थीं परंतु उनके पीछे एक बहुत वसीअ और गहरा मज़मून था।

जो बात मुझे सबसे ज़्यादा पसंद आई वह यह थी कि उन्होंने बच्चों की तर्बीयत पर सोशल मीडीया का बद असर बहुत वाज़ेह और सरीह तौर पर वर्णन फ़रमाया। इस बात से मैंने बहुत कुछ सीखा है और अब मैं इस को अपनी ज़िंदगी में लागू करने की कोशिश करूँगी कि जब मैं अपने पोते पोतियों से बात करूँगी तो उनको समझाऊँगी कि हमें अपनी ज़िंदगी में कामयाबी हासिल करने की कोशिश में अपनी अख़लाक़ीयात को कभी नहीं भूलना चाहिए।

यहां से इतनी प्रभावित थीं कि कहती हैं इस दफ़ा तो मैं बतौर मेहमान आई थी परंतु मुझे पूरा यक़ीन है कि मैं अनक़रीब इस जमाअत में शामिल हो जाऊँगी क्योंकि मैंने इस जलसा में जो बातें सुनी हैं वे मुझे पसंद हैं।

मुल्क बेलीज़ से आने वाले मेहमान काश सानकूफ़ा साहिब कहते हैं। कोई कैसे इंकार कर सकता है कि अहमदियत हक़ीक़ी इस्लाम नहीं है। मेरे समस्त शकूक-ओ-शुबहात और सवालात के जवाब मिल गए हैं। जब में उन्हें देखता हूँ कि जमाअत अहमदिया में हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से कितनी मुहब्बत की जाती है। अहमदियत एक बहुत बड़ा मज़बूत दरख़्त है जिसकी बहुत सी फलदार शाख़ें हैं।

स्पेन की एक मेहमान आमालिया (Amalia) यह यूनीवर्सिटी आफ़ क़ुर्तुबा की हैं। लिखती हैं कि बतौर प्रोफ़ैसर साईकालोजी मैंने आपके तजुर्बात को जानने में बहुत दिलचस्पी रखी। मैंने अवसर का फ़ायदा उठाया और उन लम्हों को मुशाहिदा किया और अपने दिमाग़ में महफ़ूज़ कर लिया जो मेरी यादों का हिस्सा बनेंगे और जिन्हें में बहुत मुहब्बत के साथ याद रखूँगी। मुझे इस जलसे की वि विधता और इस की वुसअत और हर कोने में जो अमन और हम-आहंगी महसूस होती है उसने बहुत ज़्यादा प्रभावित किया है।

